प्रदेश में बोटेनिकल गार्डन

चर्चा में क्यों?

4 जुलाई, 2022 को राजस्थान वन विभाग प्रमुख शासन सचिव शिखर अग्रवाल ने शासन सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के छः संभाग मुख्यालय के जिलों में बनने वाले बोटेनिकल गार्डन एवं संशोधित लव-कुश वाटिकाओं के जिला उप-वन संरक्षक से प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए इनके जल्द निर्माण की जानकारी दी।

प्रमुख बिंदु

- राज्य में स्थानीय प्रजातियों के पौधों, जैवविविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश के छह संभाग मुख्यालय के अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर एवं जोधपुर जिलों में बोटेनिकल गार्डन का निर्माण जल्द ही शुरू किया जाएगा।
- इन गार्डनों में अधिक-से-अधिक स्थानीय प्रजातियों के पौधे एवं वनस्पतियाँ लगाई जाएंगी। साथ ही, लव-कुश वाटिकाओं के तहत स्थानीय पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के अनुकूल वहा की स्थानीय वनस्पतियाँ, जैसे- फल, फूल, औषधीय एवं छायादार पेड़-पौधे लगाए जाएंगे, ताकि लोगों को वहाँ का स्थानीय वनानुभव मिल सके।
- बोटेनिकल गार्डन एवं लव-कुश वाटिकाओं के निर्माण की संरचना एवं आकार-प्रकार के निर्माण कार्य में अधिक-से-अधिक प्राकृतिक निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाएगा, ताकि यह लोगों को प्रकृति का एहसास करा सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/botanical-garden